टाइम्स ऑफ़ पीडिया

ٹائمس آف پیڈیا

TIMES OF PEDIA

अनोखे अंदाज़ और निराले तेवर के साथ इंसाफ़ की डगर पर

NEW DELHI Page 12 Price Rs. 3.00

www.timesofpedia.com

WEEKLY HINDI, ENGLISH, URDU

WED 11 MARCH - TUE 17 MARCH 2026

VOL. 14. ISSUE 11

RNI No. DELMUL/2012/47011

उत्तम नगर मामला: बिना नोटिस नहीं चलेगा बुलडोज़र, उच्च न्यायालय में एमसीडी का भरोसा

नई दिल्ली। राजधानी के उत्तम नगर क्षेत्र में अवैध निर्माण पर कार्रवाई को लेकर चल रहे विवाद के बीच नगर निगम ने उच्च न्यायालय में स्पष्ट किया है कि बिना उचित नोटिस दिए किसी भी निर्माण को नहीं गिराया जाएगा। यह आश्वासन न्यायमूर्ति अमित बंसल की पीठ के समक्ष दिया गया, जिसके बाद अदालत ने मामले की सुनवाई बंद कर दी।

यह मामला होली के दौरान हुई एक हिंसक घटना से जुड़ा है, जिसमें एक युवक की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद आरोपी पक्ष की महिलाओं ने अदालत का रुख करते हुए आशंका जताई थी कि प्रशासन उनके घरों को अवैध घोषित कर बुलडोजर से ध्वस्त कर सकता है। जरीना और शहनाज नामक महिलाओं द्वारा दायर याचिकाओं में कहा गया था कि उनके परिवार के सदस्यों से पुलिस पूछताछ कर रही है और उन्हें डर है कि प्रशासन उनके घरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर सकता है।

लोकसभा में 8 विपक्षी सांसदों का निलंबन रद, सदन में सामान्य हुई कार्यवाही

नई दिल्ली। संसद में पिछले कई दिनों से जारी गतिरोध समाप्त हो गया है। मंगलवार को लोकसभा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए फरवरी की शुरुआत में निलंबित किए गए आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया गया। इनमें सात सांसद कांग्रेस के और एक वामपंथी दल से संबंधित हैं।

यह निर्णय सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति के बाद लिया गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को सदन में ध्वनिमत से पारित किया गया। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में सदन की कार्यवाही के दौरान किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता, पोस्टर प्रदर्शन या कृत्रिम बुद्धिमत्ता से तैयार सामग्री का उपयोग स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी सांसदों से सदन की मर्यादा और 'लक्ष्मण रेखा' का पालन करने का आग्रह किया।

ज्ञात हो कि यह विवाद फरवरी 2026 में बजट सत्र के दौरान शुरू हुआ था, जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' का हवाला देते हुए डोकलाम और लद्दाख में चीन से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरने का प्रयास किया था। इस दौरान अध्यक्ष द्वारा हस्तक्षेप किए जाने पर विपक्षी सदस्य नाराज हो गए और सदन में हंगामा शुरू हो गया। हंगामे के दौरान कुछ सांसदों ने नारेबाजी की और अध्यक्ष की ओर कागज के टुकड़े उछाले, जिसके बाद आठ सांसदों को पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था। अब निलंबन वापस लिए जाने के बाद सदन की कार्यवाही फिर से सुचारू रूप से शुरू हो गई है और विधायी कार्य भी सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं।

इसी बीच, 12 फरवरी की घटना को लेकर सेना के कुछ सेवानिवृत्त अधिकारियों ने राहुल गांधी के खिलाफ एक खुला पत्र जारी किया है। पत्र में संसद में हुई घटना को लोकतंत्र के लिए चिंताजनक बताते हुए इसकी निंदा की गई है। पूर्व सैन्य अधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं सदन की गरिमा के विपरीत हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों को आघात पहुंचाती हैं।

केजरीवाल का बड़ा दावा, प्रधानमंत्री को चुनावी चुनौती

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुली चुनौती दी है। गोवा में आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने दावा किया कि यदि आज दिल्ली में चुनाव कराए जाएं तो भारतीय जनता पार्टी को दस सीटें भी नहीं मिलेंगी, जबकि आम आदमी पार्टी साठ से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में चुनाव हारी नहीं थी, बल्कि चुनाव हथिया लिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने उनके कई नेताओं को कारागार में डालकर सरकार के कार्यों को प्रभावित किया और सत्ता पर अधिकार कर लिया। मदिरा घोटाले में आरोपमुक्त होने का उल्लेख करते हुए केजरीवाल ने कहा कि अब न्यायालय का निर्णय आ चुका है और देश की जनता भी समझ चुकी है कि वह ईमानदार हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उनके पांच प्रमुख नेताओं को कारागार में डालकर दिल्ली को ठप करने का प्रयास किया।

अपने संबोधन में केजरीवाल ने नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें और उनकी पार्टी को राजनीतिक रूप से समाप्त करने का प्रयास किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकार के कदमों से युवाओं को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि राजनीति में आने पर उन्हें भी इसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

केजरीवाल ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी ने देश में 'कार्य की राजनीति' की शुरुआत की है, जबकि अन्य दल इस दिशा में पीछे रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत और जल जैसी मूलभूत सुविधाओं पर कार्य किया, जिससे जनता को सीधा लाभ मिला।

भारतीय जनता पार्टी पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि राजधानी में स्वच्छता, जल आपूर्ति और सड़कों जैसी आधारभूत सेवाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों को सुविधाएं देने के बजाय केवल राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाया जा रहा है।

अपने वक्तव्य के अंत में केजरीवाल ने दोहराया कि वह पीछे हटने वाले नहीं हैं और जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

उन्होंने कहा कि यदि चुनौती देनी है तो कार्य के स्तर पर प्रतिस्पर्धा की जाए, न कि राजनीतिक दबाव के माध्यम से।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि केजरीवाल के इस वक्तव्य से आगामी चुनावों को लेकर सियासी वातावरण और अधिक गर्म हो सकता है। दिल्ली की राजनीति में इस प्रकार के तीखे बयान आने वाले समय में चुनावी रणनीतियों को भी प्रभावित कर सकते हैं।

रूप नगर पुल हादसे की होगी जांच, दिल्ली के सभी लोहे के पुलों का होगा संरचनात्मक परीक्षण

नई दिल्ली। राजधानी के रूप नगर क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में लगभग फ्फ वर्ष पुराना फुट ओवरब्रिज अचानक ढह गया। यह पुल पहले से ही जर्जर स्थिति में था और वर्ष ख्ख्‍ में इसे असुरक्षित घोषित कर बंद कर दिया गया था, इसके बावजूद लोग इसका उपयोग कर रहे थे। हादसे में एक महिला के नाले में गिरने से उसकी मृत्यु हो गई, जिससे इलाके में शोक और चिंता का माहौल है।

घटना के समय महिला पुल पर मौजूद थी। पुल गिरने के साथ ही वह नीचे नाले में जा गिरी। सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचा और महिला को बाहर निकाला गया, किंतु उसे बचाया नहीं जा सका। दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली पुलिस और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के दलों ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्य चलाया।

Editor/Owner/Printer/Publisher: Ali Aadil Khan, K-2-A-001, Abul Fazal Enclave-I, Jamia Nagar, Okhla, ND - 25. **Printed at:** Shobi Offset Press, 2818, Gali Gadhiaiya, Kuchachalan, Daryaganj, ND. -2

अमेरिका-ईरान तनाव में कहाँ हैं रूस और चीन?

Ali Aadil Khan
Editor

अमेरिका और इज़राइल के साथ ईरान के बीच चल रहे टकराव के बीच ब्रिटेन ने अमेरिका को अपने एयरबेस को हमलों के लिए इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है। इस फैसले के बाद एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है—अगर संघर्ष और बढ़ता है तो ईरान के साथ खड़े होने के दावे करने वाले देश रूस और चीन कहां तक उसका साथ देंगे ?

दुनिया की नज़र अब इसी पर टिकी है कि Russia और China दोनों के ही Iran के साथ मजबूत कूटनीतिक, व्यापारिक और सैन्य रिश्ते होने के बावजूद मौजूदा हालात में सिर्फ बयानबाज़ी तक सीमित रहेंगे या ये दोनों ईरान को समर्थन भी देंगे ?

ईरान के ख़िलाफ़ अमेरिका-इज़राइल के संयुक्त हमलों पर रूस की प्रतिक्रिया अब तक काफी सीमित दिखाई दी है। मॉस्को ने तेहरान के प्रति एकजुटता जरूर जताई, लेकिन ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जिससे वह इस टकराव में सीधे शामिल होता नजर आए। Dmitry Peskov, जो Kremlin के प्रवक्ता हैं, उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत के बावजूद हालात 'इतने खराब हो गए कि सीधे आक्रामकता तक पहुंच गए '। पेस्कोव (Peskov), रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के क्रेमलिन प्रेस सचिव और उप प्रमुख के रूप में कार्यरत एक प्रमुख रूसी राजनयिक और राजनेता हैं

पेस्कोव के मुताबिक रूस, ईरान के नेतृत्व और खाड़ी के उन देशों के साथ लगातार संपर्क में है, जो इस बढ़ते तनाव से प्रभावित हो सकते हैं।

वहीं Russian Foreign Ministry ने अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले की निंदा की है। साथ ही उसने राजनीतिक हत्याओं और संप्रभु देशों के नेताओं को निशाना बनाए जाने को भी गलत बताया है।

लेकिन असली सवाल अभी भी क़ायम है कि, क्या रूस और चीन सिर्फ कूटनीतिक बयान देंगे, या अगर टकराव बढ़ता है तो सचमुच ईरान के साथ खड़े भी होंगे ?

रविवार को Vladimir Putin ने Masoud Pezeshkian को संदेश भेजकर Ali Khamenei की हत्या पर संवेदना जताई और इसे 'मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय क़ानून का गंभीर उल्लंघन' बताया था।

लेकिन सवाल यह भी उठ रहा है कि इतनी कड़ी प्रतिक्रिया के बावजूद मॉस्को ने सीधे तौर पर Donald Trump की व्यक्तिगत आलोचना क्यों नहीं की। इतना ही नहीं, Russia अब भी United States को kraine युद्ध में मध्यस्थता की कोशिशों के लिए धन्यवाद देता दिखाई दिया।

सोमवार को जब Dmitry Peskov से पूछा गया कि ऐसी स्थिति में रूस अमेरिका पर भरोसा कैसे कर सकता है, तो उन्होंने कहा कि रूस 'सबसे पहले केवल खुद पर भरोसा करता है' और अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर फैसले लेता है।

रूस के इस रवैये से पता चलता है कि Iran के समर्थन में रूस की भूमिका फिलहाल ज़्यादातर कूटनीतिक बयानों तक ही सीमित रहेगी। हालाँकि आपको बता दें , Russian invasion of Ukraine के बाद ईरान, मॉस्को का अहम सहयोगी बना रहा है और तेहरान ने रूस को ड्रोन उपलब्ध कराए और पश्चिमी प्रतिबंधों से बचने के तरीकों में भी मदद की।

वहीं वैचारिक स्तर पर भी ईरान उस वैश्विक व्यवस्था की रूसी कल्पना से मेल खाता है, जिसमें दुनिया कई शक्तियों में बंटी हो, जहां मानवाधिकारों से ज्यादा महत्व राज्यों की संप्रभुता और सख्त सरकारी नियंत्रण को दिया जाए। ऐसे किसी शासन का पतन इस मॉडल के लिए बड़ा झटका माना जा सकता है।

लेकिन इन सबके बीच सवाल अब भी वही है क्या रूस का समर्थन केवल शब्दों तक सीमित रहेगा, या संकट गहराने पर वह वास्तव में ईरान के साथ खड़ा भी होगा? याद रहे Russia पहले भी कई मौकों पर यह संकेत दे चुका है कि वह अपने साझेदारों के लिए हद से ज़्यादा जोखिम उठाने से बचता है. चाहे मामला Venezuela का रहा हो, Syria का, या फिर 2025 में Israel और Iran के बीच चले 12 दिन के युद्ध का।

ऐसे में संकेत यही मिलते हैं कि मॉस्को शायद कूटनीतिक समर्थन और सीमित सैन्य-तकनीकी सहयोग से आगे बढ़ने को तैयार नहीं है. या फिर उक्रैन जंग में मसरूफ होने की वजह से उसकी मजबूरी होगी।

इसके अलावा 17 जनवरी 2025 को रूस और ईरान के बीच हुई रणनीतिक साझेदारी की संधि भी पूर्ण रक्षा समझौता नहीं थी। इस समझौते में दोनों देशों ने खुफिया जानकारी साझा करने, संयुक्त सैन्य अभ्यास करने और 'क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने' का वादा तो किया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि यदि किसी एक पर हमला हो तो दूसरा उसकी रक्षा के लिए सैन्य रूप से आगे आएगा।

दोनों देशों के आर्थिक रिश्ते भी सीमित ही रहे हैं और द्विपक्षीय व्यापार लगभग 4 से 5 अरब डॉलर के आसपास रहता है। हालांकि हाल के वर्षों में सैन्य और औद्योगिक सहयोग तेजी से बढ़ा है।

Financial Times की फरवरी की एक रिपोर्ट के अनुसार एक बड़े रक्षा समझौते के तहत रूस ईरान को करीब 500 मिलियन यूरो के Verba MANPADS देने की योजना बना रहा है। इसके अलावा ईरान को Yakovlev Yak-130 ट्रेनिंग विमान और Mil Mi-28 अटैक हेलिकॉप्टर मिल चुके हैं, जबकि वह Sukhoi Su-35 फाइटर जेट्स की भी उम्मीद कर रहा है। हालांकि वर्बा सिस्टम की आपूर्ति अभी तक नहीं हुई है।

यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर ईरान के Shahed drones ने रूसी सेना की रणनीति में बड़ा बदलाव लाया था। लेकिन पिछले साल मॉस्को ने अपने ड्रोन उत्पादन में तेज़ी से वृद्धि कर ली, जिससे ईरानी हथियारों पर उसकी निर्भरता कम होती दिखाई दे रही है।

ऐसे में सवाल उठता है—मॉस्को के लिए ईरान की असली अहमियत क्या है? विश्लेषकों के मुताबिक रूस के लिए ईरान इतना महत्वपूर्ण जरूर है कि उसे पूरी तरह ढहने न दिया जाए, लेकिन शायद इतना भी महत्वपूर्ण नहीं कि उसके लिए सीधे युद्ध में कूड़ा जाए। जिस तरह अमेरिका इज़राइल के लिए कूद चूका है. यानी फिलहाल संकेत यही हैं कि रूस की भूमिका ज़्यादातर कूटनीतिक बयानबाज़ी और सीमित सैन्य सहयोग तक ही सिमटी रह सकती है।China ने भी रूस की तरह Ali Khamenei की हत्या की कड़ी निंदा तो की है। और बीजिंग लंबे समय से उस नीति का विरोध करता रहा है जिसे वह दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में सरकारें बदलने की अमेरिकी कोशिश के तौर पर देखता है।

लेकिन यहाँ भी वही सवाल, क्या चीन का समर्थन सिर्फ बयान तक सीमित रहेगा, या वह संकट की घड़ी में Iran के लिए जंग में कूदेगा ?

दरअसल चीन-ईरान रिश्ते की असली बुनियाद आर्थिक साझेदारी है। चीन ईरान का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और उसका सबसे अहम ऊर्जा ग्राहक भी।

United States की लंबे समय से लागू सख्त पाबंदियों के बावजूद चीन ईरान के लिए एक तरह की आर्थिक लाइफ़लाइन बना रहा है। वह बड़ी मात्रा में रियायती दरों पर ईरानी तेल खरीदता रहा है। यह तेल अक्सर तथाकथित 'घोस्ट फ़्लीट्स' के जरिए चीन तक पहुंचता है. यानी ऐसे जहाज़ जो झूठे रजिस्ट्रेशन या पहचान छिपाकर प्रतिबंधों से बचते हुए तेल ढोते हैं।

मसलन, 2025 में चीन ने ईरान के कुल निर्यातित तेल का 80 प्रतिशत से ज़्यादा खरीद लिया था। पश्चिमी बाज़ारों के लगभग बंद हो जाने के बावजूद, चीन से मिलने वाली इस आय ने ईरान को अपनी अर्थव्यवस्था संभालने और रक्षा खर्च जारी रखने में बड़ी मदद दी।

साल 2021 में दोनों देशों के बीच हुई 25 साल की रणनीतिक साझेदारी की संधि ने इस रिश्ते को और मजबूत कर दिया। इस समझौते के तहत चीन ने ईरान के बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और दूरसंचार क्षेत्रों में सैकड़ों अरब डॉलर के निवेश का वादा किया था।

लेकिन बड़ा सवाल वही ,क्या चीन अपने आर्थिक हितों से आगे बढ़कर ईरान के लिए कोई ठोस रणनीति या सैन्य जोखिम उठाने को भी तैयार होगा, या चीन का समर्थन भी कूटनीतिक बयानों तक ही सीमित रहेगा?

इतिहास बताता है कि China ने हमेशा Iran, Israel और nited States के बीच तनाव के मामलों में एक सावधानी भरी रणनीति अपनाई है। उदाहरण के तौर पर 2025 की गर्मियों में चले 12 दिन के इसराइल-ईरान युद्ध के दौरान बीजिंग ने लगातार 'संयम' की अपील की और हिंसा के लिए 'बाहरी हस्तक्षेप' को जिम्मेदार ठहराया. जिसे कई विश्लेषक अमेरिका की नीतियों की ओर इशारा मानते हैं।

पिछले टकरावों में चीन ने कई बार United Nations Security Council में ईरान के लिए कूटनीतिक ढाल का काम भी किया है . कभी वीटो लगाकर, तो कभी उसके संकेत भर से प्रस्तावों की भाषा नरम कराकर। लेकिन चीन ने कभी ईरान के समर्थन में सीधे सैन्य हस्तक्षेप का रास्ता नहीं चुना।

बीजिंग की रणनीति अक्सर इस तरह समझी जाती है, अमेरिका को मध्य पूर्व में उलझाए रखो, लेकिन इतना भी नहीं कि पूरा क्षेत्र अस्थिर हो जाए और तेल की कीमतें आसमान छूने लगें।

दरअसल, ईरान चीन के लिए सिर्फ ऊर्जा का स्रोत नहीं है। अगर ईरान में पश्चिम समर्थित सरकार आ जाती है, तो यह बीजिंग के लिए बड़ा भू-राजनीतिक झटका हो सकता है, क्योंकि ईरान क्षेत्र में अमेरिकी प्रभाव के खिलाफ एक महत्वपूर्ण संतुलन भी माना जाता है।

ईरान आज BRICS और Shanghai Cooperation Organisation दोनों का सदस्य है। साथ ही वह मध्य एशिया, कॉकसस और मध्य पूर्व को जोड़ने वाला एक अहम भूगोलिक पुल भी भी। ऐसे में इस्लामी गणराज्य की व्यवस्था का ढह जाना उन बहुपक्षीय ढांचों की विश्वसनीयता को भी झटका दे सकता है जिन्हें Russia और चीन मिलकर मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं।

अगर अमेरिका और इसराइल ईरान पर पूर्ण सैन्य हमला नहीं करते, तो संभावना यही है कि देश की राजनीतिक और सैन्य संरचनाएं किसी न किसी रूप में बनी रहेंगी।

ऐसी स्थिति में चाहे Ali Khamenei के बाद कोई भी नया नेतृत्व सामने आए, लेकिन बीजिंग अपने पुराने तरीक़े पर क़ायम रह सकता है. यानी लंबा खेल खेलना, यानी नए नेतृत्व के साथ रिश्ते बनाना और अपने आर्थिक-रणनीतिक हित सुरक्षित रखना।उधर मॉस्को की नीति भी कमोबेश इसी दिशा में दिखाई देती है, जहां Russia अपने हितों के अनुसार मौके तलाशता रहेगा, लेकिन सीधे युद्ध में उतरने से बचने की कोशिश करता रहेगा। ऐसे में खाड़ी के देशों की कूटनीति और राजनीती वहां की अवाम के निशाने पर नज़र आती है.

अगर अरब हुक्मरान इजराइल और अमेरिका की ग़ुलामी से बाज़ नहीं आते हैं और फलस्तीन व् ग़ज़ा की अवाम के अधिकारों की रक्षा नहीं करते हैं तो इस बात का इमकान है कि वहां की जनता ही अपने बादशाहों का तख़्ता पलट सकती है.

नाइजीरिया: बम धमाकों में लगभग 23 लोगों की मौत

नाइजीरिया में संदिग्ध श्रृंखलावार आत्मघाती बम धमाकों में लगभग 23 लोग मारे गए। देश के पूर्वोत्तर शहर मैदुगुरी की पुलिस ने आज बताया कि इस घटना में 100 से अधिक लोग घायल भी हुए हैं। ये धमाके कल शाम नाइजीरिया के अशांत बोर्नो प्रांत की राजधानी में हुए। फिलहाल, किसी भी समूह ने इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस ने बताया कि एक धमाका व्यस्त मैदुगुरी बाजार में हुआ, दूसरा मैदुगुरी विश्वविद्यालय शिक्षण अस्पताल-यूएमटीएच के गेट पर हुआ, जबकि तीसरा डाकघर के पास हुआ।

बलूचिस्तान: मानवाधिकार संगठनों ने पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा हत्याएं और जबरन लापता होने की घटनाओं का किया खुलासा

बलूचिस्तान में हिंसा तेज होने के साथ ही प्रमुख मानवाधिकार संगठनों ने पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा दो लोगों की गैरकानूनी हत्या और अन्य लोगों के जबरन लापता होने की घटनाओं को उजागर किया है। ये घटनाएं प्रांत भर में गैरकानूनी हत्याओं और जबरन लापता होने की बढ़ती घटनाओं के बीच हुई हैं। 4 मार्च को केच जिले में 26 वर्षीय दुकानदार हातुम बलूच की क्रूर हत्या हुई थी।

9 मार्च को खारान जिले में 24 वर्षीय मोहम्मद इस्माइल की हत्या पाकिस्तान समर्थित एक आतंकी दस्ते ने कर दी थी। मानवाधिकार संगठनों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय और मानवाधिकार संस्थाओं से तत्काल कार्रवाई करने और न्याय, सम्मान तथा स्वतंत्रता के लिए बलूलियों के संघर्ष में उनका साथ देने की अपील की। मानवाधिकार संस्था ने बलूच नागरिक इमदाद सैयद पर हुए क्रूर अत्याचारों की भी आलोचना की है।

इज़राइल के रक्षा मंत्री ने कहा- हवाई हमले में मारे गए ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारिजानी

इज़राइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज़ ने दावा किया है कि कल रात एक हवाई हमले में ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारिजानी मारे गए हैं। हालांकि, ईरान की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अली लारिजानी ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव थे।

उन्हें अगस्त 2025 में ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के प्रतिनिधि के रूप में सचिव के पद पर नियुक्त किया गया था। वे ईरान के सर्वोच्च नेता के सलाहकार भी रह चुके हैं। उन्होंने 2008 से 2020 तक 12 वर्षों तक ईरान की संसद के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।

इस बीच, इस्राएल की सेना ने दावा किया है कि उसने मध्य तेहरान में बासिज अर्धसैनिक बल के कमांडर गुलामरेज़ा सुलेमानी को भी मार गिराया है। खबरों के अनुसार, सुलेमानी वर्ष 2019 से बासिज सुरक्षा बलों के प्रमुख थे। ईरान की बासिज सेना में लगभग साढे चार लाख सुरक्षाकर्मी हैं।

पश्चिम एशिया में बग़दाद और दोहा सहित कई इलाकों में हवाई हमले

पश्चिम एशिया में आज इराक की राजधानी बगदाद और कतर की राजधानी दोहा सहित कई अन्य क्षेत्रों में हवाई हमले हुए। इससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। बगदाद में, अमरीकी दूतावास पर ड्रोन और रॉकेट हमले किए गए। इराक के अधिकारियों ने हमलों को रोकने की सूचना दी है। अल-रशीद होटल पर भी ड्रोन हमला हुआ, जबकि अल-जादिरिया में एक अन्य हमले में चार लोगों के मारे जाने की खबर है। ईरान समर्थित कताएब हिजबुल्लाह के एक कमांडर, अबू अली अल-अस्करी की मौत की खबरों के बाद तनाव और बढ़ गया है। इराक के प्रधानमंत्री, मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने इन हमलों की निंदा करते हुए इन्हें आतंकवादी कृत्य बताया है। कतर ने ईरान से 14 बैलिस्टिक मिसाइलों और कई ड्रोन हमले किए जाने के बाद दोहा के ऊपर हवाई सुरक्षा प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है।

अमरीका ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र के देशों के साथ लगभग 57 अरब डॉलर के ऊर्जा समझौते किए

अमरीका ने क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हिन्द-प्रशांत क्षेत्र के देशों के साथ लगभग 57 अरब डॉलर के ऊर्जा समझौते किए हैं। इन समझौतों को जापान में आयोजित पहले, हिन्द-प्रशांत ऊर्जा सुरक्षा सम्मेलन के दौरान अंतिम रूप दिया गया। एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में, अमरीका के आंतरिक सुरक्षा मंत्री, डग बर्गम ने कहा कि यह पहल राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प की सहयोगी देशों को ऊर्जा निर्यात बढ़ाने और अनिश्चित या राजनीतिक रूप से संवेदनशील स्रोतों पर उनकी निर्भरता को कम करने की नीति का हिस्सा है।

लेबनान सीमा पर हिज़्बुल्लाह - इज़राइल संघर्ष तेज़, कई टैंक निशाना बने

बेरूत/तेल अवीव, (टॉप ब्यूरो) लेबनान-इज़राइल सीमा पर हिज़्बुल्लाह और इज़राइली सेना के बीच संघर्ष तेज हो गया है। मंगलवार को दोनों पक्षों के बीच भारी गोलीबारी और आमने-सामने की झड़पों की खबरें सामने आईं।

हिज़्बुल्लाह ने अपने ताज़ा बयान में दावा किया है कि उसने बाअलबेक क्षेत्र के तैय्यबा इलाके में घुसपैठ की कोशिश कर रहे इज़राइल के उन्नत मेरकावा टैंक को गाइडेड मिसाइल से निशाना बनाया। संगठन के मुताबिक, पिछले तीन दिनों में यह पांचवां टैंक है जिसे उसके लड़ाकों ने तबाह किया है।

बताया जा रहा है कि यह घटनाक्रम नवंबर 2024 के संघर्षविराम समझौते के लगातार उल्लंघन के बाद सामने आया है। हिज़्बुल्लाह ने संकेत दिया है कि उसने अब अपनी 'संयम की नीति' समाप्त कर दी है और जवाबी कार्रवाई तेज कर दी है।

इस बीच, इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को संबोधित करते हुए हिज़्बुल्लाह के प्रमुख शेख़ नाइं कासेम ने कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि धमकियों से संगठन पीछे हटने वाला नहीं है और लेबनान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

NOTICE:
Times of Pedia does not guarantee, directly or indirectly, the quality or efficacy of any product or services described in the advertisements or other material which is commercial in nature in this Newspaper. Furthermore, Times of Pedia assumes no responsibility for the consequences attributable to inaccuracies or errors in the printing of any published material from the news agencies or articles contributed by readers. It is not necessary to agree with the views published in this Newspaper. All disputes to be settled in Delhi Courts only.

The True Measure of Greatness: Valuing Human Life Above All

Najmuddin A Farooqi

The word great is used generously in our everyday language. We describe the universe as great, the oceans as great, the mountains and the skies as great. Even at a more modest level we apply the same word to countries, cities, monuments and sometimes even to a single tree or building.

Yet, despite its frequent use, the true meaning of greatness is rarely examined with seriousness. What, in reality, deserves to be called the greatest?

For those who believe in a divine order, the universe itself did not come into existence by chance but was created by a supreme Creator. The vastness of the cosmos the galaxies, stars, planets and oceans reflects the majesty of that creation.

However, within this magnificent universe there exists something far more remarkable, human life. Among all creations, the human being stands apart because of the unique gift of intellect, creativity and moral judgment.

If the Creator brought the universe and humanity into existence, it is the human mind that has shaped almost everything else that defines civilization. From prehistoric times, when early humans struggled merely to survive, to the dawn of organised societies and the evolution of great civilizations, it has been human wisdom that has cultivated progress.

Agriculture, architecture, philosophy, science and technology all are the fruits of human intellect. The modern world, with its advanced infrastructure, global communication systems and sophisticated medical science, is a testament to the extraordinary capabilities of the human mind.

Despite this remarkable journey, humanity often fails to recognize the true value of human life itself. Conflicts between nations are frequently explained as a "clash of civilizations" or a "clash of religions." Yet, in reality, they are neither.

At their core, most conflicts arise from a clash of human values differences in how societies respect dignity, justice and the sanctity of life. When these values weaken, violence and confrontation take their place.

In this regard, some societies have demonstrated a deeper institutional respect for individual human life. The United States, for instance, is widely regarded as one of the oldest and most robust modern democracies, where civil liberties and individual rights are strongly emphasised.

One of the most striking features of that society is the respect shown to every citizen, particularly to those who sacrifice their lives in service to the nation. When soldiers are killed in war, the solemn tributes paid to them reflect a deep cultural recognition of the value of each individual life.

This raises an important question: why is America so frequently criticised across the world ? Is it because of its prosperity, its vast natural resources, or its technological and scientific leadership ? In many areas especially science, technology and medical research the United States remains far ahead of most other nations.

Its institutions have contributed immensely to global progress, producing life-saving drugs, advanced medical equipments and scientific innovations that benefit people far beyond its borders.

Yet the real issue may lie elsewhere. Americans, like people in many other societies, believe in God and in moral accountability. However, the difference often lies in attitudes toward effort and responsibility. In many parts of the world, complacency prevails, what is easily achieved is considered sufficient and further effort is left to fate or divine will. Progress, however, rarely comes through complacency. It comes through persistent effort, curiosity and the relentless pursuit of knowledge.

Imitation for its own sake is not admirable, but learning from others certainly is. Nations that seek knowledge, discipline and innovation will inevitably progress. Only then can they engage with the world with dignity and confidence, rather than with resentment or insecurity.

Ultimately, the highest form of greatness lies in respecting human life everywhere, not only within national borders but across them. Perhaps the world will move closer to that ideal when every society is guided by leaders who embody compassion, moral courage and humility figures reminiscent of Mahatma Gandhi, who placed the value of human life above political power.

Healthy criticism is neither inappropriate nor unwarranted, particularly when directed at the conduct of political leadership rather than the people of a nation. In the present context, the concern is not with the American public but with President Trump perceived as bringing a distinctly commercial temperament into the realm of governance accompanied by confrontational rhetoric. In second term his approach has increasingly shaped an assertive and unpredictable foreign policy.

His unwavering support for the Israel president Netanyahu during the ongoing tensions and conflict involving US Israel and Iran has further intensified regional anxieties.

Actions such as the dramatic handling of political leadership in Venezuela and the reported targeting and killing of Iran's Supreme Leader and other high ranking officials have been widely viewed as deeply controversial.

These developments are the serious challenges to the principles of sovereignty and the norms that govern relations among nations.

While debate and criticism are essential in international politics, these events have raised profound questions about restraint, accountability and long term implications of power politics in an already fragile global order.

In the end, the greatness of nations, civilisations, or leaders will not be measured by their power or wealth, but by the degree to which they honour the most precious creation in the universe, human life.

Imperialism Bares its Claws, yet again: Iran Attacked

Prof. Ram Puniyani

The joint attack ot Israel and America on Iran has been very devastating. Like most wars it is brutal to the core. The pretext of the war has been that Ayatollah Khamanei regime has been very brutal, against women's rights and preparing nuclear weapons. Iran in turn was willing to be on the negotiating table and willing to concede some of the points emerging from the talks. In the middle of talks Israel-America(I-A) axis decided to launch the war and in the initial part of the war it inflicted to severe damages to Iran. One was the killing of Khamanei along with some of his family members and the other was bombing of a school in which 165 young girls lost their lives. Many a civilian have also been targeted by the I-A axis. Also, a naval ship of Iran which had arrived in India on India's invitation for Naval exercises was torpedoed by the US submarine killing large number of sailors on the ship. Iran bravely retaliated and caused huge damage to I-A axis.

During this India's role during all these happenings is a great eye-opener; about its evolving foreign policy. India was non aligned to begin with, having very amicable relations with Iran. The cultural and economic exchanges between the two countries was excellent. Now we see that Indian Prime Minister Modi visited Israel, just before the war. The goal of the visit was unknown to the country. He did receive the highest honour of Israel and pledged that India will be with Israel in its thick and thin. The day next, I-A attacked Iran. Mr. Modi did not tweet about the demise of the Iran's supreme leader and also issued a blank statement equating the aggressor and the aggrieved county. The transition of India from and neutral to embracing the American-Israel axis came out louder with the acts of commission and omission of Indian Prime Minster.

Back to American story. We have been watching the role of U.S. particularly from 1950s. The role has been that of interfering in other countries affairs for its political and economic goals. Earlier 'saving the world from Communism' has been its major plank for unleashing wars, starting from the Vietnam war. As French had colonised Vietnam and the Ho Chi Minh's communist army overthrew the French, a long and complicated political process led to division of Vietnam along 17th parallel into Communist North Vietnam and Capitalist South Vietnam. Americal launched a horrific war against Vietnam, spending millions of dollars. The Americans used chemical weapons Napalm (jellied petrol) and Agent Orange (superior strength weed killer). This was used to clear foliage in the jungle which was the natural hiding place for the Vietcong (army raised by Vietnamese). Napalm did clear much of the undergrowth but it also stuck to humans and caused horrific injuries. Agent Orange also killed many innocent civilians' farms, crops were lost and animals were killed.

The Vietnamese people were more for Ho Chi Minh. Viet Cong through Gorilla tactics came victorious and America for once had to face the defeat, its army over five lakhs strong retreated with its morale crushed by the defeat at the hands of a new and young Nation. This Vietnam war showed abundantly that America is not going to spare any efforts to defeat those who are against its interests presented as the ideology of 'Free World".

This became clearer in due course as America attacked country after country on one or the other pretext. The second major case was that of Iran. With its strategic location and vast oil reserves, Iran was of special interest to the Western powers, United States, the United Kingdom in the main. Britain was the major power to have its presence in Iran during the World War II. After the war, the England continued to retain its control over Iran's oil through the establishment of the Anglo-Iranian Oil Company. It was exploiting Iran's oil for its own interests. This arrangement changed abruptly in 1951 when the Iranian parliament, led by Mosaddegh's nationalist and democratically elected government, voted to nationalize the country's oil industry. From here Britain started opposing Mossadegh regime and tried to foment opposition to him. Britain took along America and a coup was staged in Iran uprooting the democratically elected Government and installing Raza Shah Pehlavi, a stooge of America. Oil interests in the hands of Western powers remained safe for them.

The story of Salvador Allende's elimination and overthrowing of a democratic Government in Chile are fairly similar. Allende was a Marxist, a member of Socialist party. Allende was sworn in on Nov. 3, 1970 as President of Chile. He decided to nationalize Copper companies controlled by America in particular. U.S. spent $8 million on covert actions between 1970 and the 1973 coup. According to a 1975 Senate report. U.S. officials also backed economic measures to squeeze Allende's government. In a CIA supported Coup the military dictator Pinochet came to power. He was very ruthless and wrought havoc on the democracy and potential prosperity of Chile.

The harm inflicted on West Asia was much more dangerous. After USSR occupation of Afghanistan, America supported some Madarassas in Pakistan and helped training Mujahids. From this Taliban; Al Qaeda were formed. America funded them to the extent of 8 thousand million dollars and supplied them with 7 thousand tons of armaments (Mahmood Mamdani's book: Good Muslim-Bad Muslim'). After 9/11 America got the pretext to attack Afghanistan in which 60000 people were killed. To dominate the whole region, it came up with the pretext of 'Weapons of Mass destruction' to attack Iraq. The soldiers were told that Iraq's people are being oppressed by Saddam Hussian, so this war is needed. They were also told that the people will see you as the liberators and you will be welcomed with bouquets and chock lets. Something else happened and Iraq was dismantled with rise of Islamic State. Neither weapons of mass destruction could be located nor American soldiers were welcomed.

Colonialism and Imperialism leave dangerous marks on the victim countries and the World as a whole. In India British policy of 'divide and rule' led to the strengthening of communal forces, the ills of which we are suffering till date. American Media's coining and popularising the phrase 'Islamic terrorism' has led to the global demonization of Muslims. Both these phenomenon, Colonialism and Imperialism have been the forces at the roots of major problems which the world is facing today. Hope we can promote peace by realizing the impact of Impeiralism.

"सोनम वांगचुक की रिहाई लोकतंत्र की जीत"

Maroof Raza Senior Journalist

सोनम वांगचूक की रिहाई लद्दाख के संघर्ष और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटना है। उनकी रिहाई लद्दाख की आवाज़ और न्याय की जीत है।

मैं बात कर रहा हूं लद्दाख की उस बुलंद आवाज़ की, जिसने हिमालय की बर्फीली चोटियों से निकलकर पूरे देश के दिल में जगह बनाई। मैं बात कर रहा हूं मशहूर पर्यावरण कार्यकर्ता और शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक की।

करीब 170 दिनों के लंबे इंतजार के बाद, केंद्र सरकार ने सोनम वांगचुक की हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। 14 मार्च 2026 को उन्हें जोधपुर जेल से रिहा कर दिया गया। यह रिहाई केवल एक व्यक्ति की आज़ादी नहीं है, बल्कि लद्दाख के उन हज़ारों लोगों की उम्मीदों की जीत है, जो अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं।मामला सितंबर 2025 का है। लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और संविधान की 'छठी अनुसूची' में शामिल करने की मांग को लेकर लेह में आंदोलन चल रहा था। इसी दौरान हिंसा भड़क उठी, जिसमें दुर्भाग्यवश चार लोगों की जान चली गई। प्रशासन ने सोनम वांगचुक पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाते हुए उन पर कड़ा राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) लगा दिया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

वांगचुक की रिहाई के पीछे एक लंबी कानूनी लड़ाई भी रही है। उनकी पत्नी, डॉ. गीतांजलि अंगमो, ने सुप्रीम कोर्ट में 'बंदी प्रत्यक्षीकरण' (Habeas Corpus) याचिका दायर की थी। अदालत ने सरकार से वांगचुक के बयानों का सटीक अनुवाद मांगा और उनकी हिरासत पर सवाल उठाए। आखिरकार, सरकार ने स्वीकार किया कि वांगचुक अपनी हिरासत अवधि का लगभग आधा समय पूरा कर चुके हैं और लद्दाख में शांति और संवाद का माहौल बनाने के लिए उन्हें रिहा करना ज़रूरी है।

वांगचुक की रिहाई का लद्दाख एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक एलायंस ने स्वागत किया है। उन्होंने इसे एक बड़ी जीत बताया और कहा कि अब उनके आंदोलन पर लगा 'देशद्रोही' का टैग हट गया है। हालाँकि, लद्दाख की मांगें अभी भी जस की तस ही हैं।

सोनम वांगचुक की रिहाई हमें याद दिलाती है कि लोकतंत्र में संवाद ही सबसे बड़ा रास्ता है। क्या यह रिहाई लद्दाख की समस्याओं का स्थायी समाधान लाएगी? यह तो वक्त ही बताएगा, लेकिन आज लद्दाख की आवाज़ फिर से स्वतंत्र है।

SUBSCRIPTION FORM
TIMES OF PEDIA

Issue	Subscription Price	Years
52	250/-	1
104	500/-	2
260	1,300/-	5
520	2,600/-	10
--	5,000/-	Life

Name :.....
Address :.....
.....
.....
Email:.....
Contact Phone No.....
for donation ☐ /life ☐ /10 yrs ☐ /5 yrs ☐ subscription
The sum of Rupees..... (Rs...../-)
through cheque/DD No.....dt.....

Fill the above form neatly in capital letters and send it to us on the following address :
Times of Pedia, K-2-A-001, Abul Fazal Enclave-I, Jamia Nagar, Okhla, New Delhi-110025
or email : **timesofpedia@gmail.com**

Also Send us your subscription, membership, donation amount in favour of Times of Pedia, New Delhi
Punjab National Bank,Nanak Pura Branch,
New Delhi-110021
A/C No.1537002100017151, IFS Code : PUNB 0153700



"First, they ignore you, then they laugh at you, then they fight you and then you win."
- Mahatma Gandhi

ADVERTISEMENT TARIFF
TIMES OF PEDIA

Size/Insertion Single	B&W (Rs)	4 Colour (Rs)
Full Page (23.5 x 36.5 cm)	30,000/-	1,00,000/-
A4 (18.7 x 26.5 cm)	20,000/-	60,000/-
Half Page (Tall-11.6 x 36.5 cm)	18,000/-	50,000/-
Half Page (wide-23.5 x 18 cm)	8,000/-	50,000/-
Quarter Page (11.6 x 18 cm)	10,000/-	28,000/-
Visiting Card size (9.5 x 5.8 cm)	3,000/-	10,000/-

MECHANICAL DATA:

Language: English, Hindi and Urdu

Printing: Front and Back - 4 Colours , Inside pages - B&W

No. of Pages: 12 pages (more in future)

Price: Rs. 3/-

Print order: 25,000

Periodicity: Weekly

Material details: Positives/Format of your advertisements should reach us 10 days before printing.

Note: 50% extra for back page, 100% extra for front page

Please Add Rs. 10 for outstation cheques.

50% advance of total add cost would be highly appreciable, in case of one year continue add. Publication cost will reduce 50% of actual cost.

Bank transactions details of TIMES OF PEDIA
Send your subscriptions/memberships/donations etc. (Cheques/DD) in favour of TIMES OF PEDIA New Delhi
Punjab National Bank,Nanak Pura Branch , New Delhi-110021
A/C No.1537002100017151, IFS Code : PUNB 0153700

रोटी का आटा गूंथने का सही तरीका: पानी की मात्रा और टिप्स

नई दिल्ली,(टॉप ब्यूरो) भारत में रोटी न केवल भोजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है बल्कि यह कई परिवारों के दैनिक खाने में अनिवार्य रूप से शामिल होती है। अधिकतर घरों में रोटियां गेहूं के आटे से बनाई जाती हैं। हालांकि, कई बार देखा गया है कि खासकर अकेले रहने वाले लड़के-लड़कियां या नए घर में रहने वाले लोग यह नहीं समझ पाते कि आटा गूंथते समय कितना पानी डालना सही रहेगा और कब रोटियां बेलनी चाहिए।

रोटी बनाना सरल कार्य लग सकता है, लेकिन वास्तव में यह काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। एक परफेक्ट रोटी वह होती है जो सॉफ्ट, फूली हुई और बेलने में आसानी वाली हो। अक्सर देखा गया है कि कुछ लोग, जो हॉस्टल या नए घर में रहते हैं, रोटियां बनाने में परेशानी का सामना करते हैं। कई बार उनकी रोटियां ठंडी होने पर पापड़ जैसी सख्त हो जाती हैं या बेलते समय चकले और बेलन पर चिपक जाती हैं।विशेषज्ञों और अनुभवी शेफों के अनुसार, इसका मुख्य कारण है कि आटा सही तरह से गूंथा नहीं गया होता। आटे में पानी की मात्रा, उसके गूंथने की तकनीक और गुनगुने पानी का इस्तेमाल, इन सबका सीधा असर रोटी की गुणवत्ता पर पड़ता है।

शेफ और बावर्चियों का कहना है कि आटे का परफेक्ट डो बनाने के लिए पानी की मात्रा आटे की क्वालिटी पर निर्भर करती है। सामान्यत: 2 कप गेहूं के आटे के लिए लगभग 1 कप से थोड़ा कम पानी पर्याप्त होता है। इसका मतलब है कि आटे और पानी का अनुपात लगभग 2:1 होना चाहिए।

लेकिन इस नियम में भी कुछ लचीलापन होता है। अगर आटा मोटा है या पुराना है, तो यह अधिक पानी सोख सकता है। ऐसे में थोड़ी मात्रा में अतिरिक्त पानी डालना उचित होगा। वहीं, अगर आटा बहुत नरम या नया है, तो पानी की कम मात्रा से भी पर्याप्त नरमी प्राप्त की जा सकती है।

घर पर बिना मशीन और केमिकल के बनाएं स्वादिष्ट किशमिश

नई दिल्ली, (टॉप ब्यूरो) अगर आप बाजार से महंगी किशमिश खरीदने से परेशान हैं, तो अब इसका आसान और प्राकृतिक विकल्प आपके पास है। घर पर अंगूर से बिना मशीन और केमिकल के, केवल धूप की मदद से स्वादिष्ट और हेल्दी किशमिश तैयार की जा सकती है। यह न केवल सस्ती होती है बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होती है।

ड्राई फ्रूट्स भारतीय घरों का अहम हिस्सा हैं। बादाम, काजू और किशमिश से लेकर कई प्रकार के ड्राई फ्रूट्स न केवल मिठाइयों का स्वाद बढ़ाते हैं, बल्कि पोषण भी प्रदान करते हैं। किशमिश विशेष रूप से खीर, हलवा या किसी भी मिठाई में डालने से उसका स्वाद कई गुना बढ़ा देती है। यह बच्चों और बड़ों दोनों को पसंद आती है।

हालांकि, अच्छी क्वालिटी की किशमिश बाजार में अक्सर काफी महंगी होती है, जिससे रोजाना खरीदना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में घर पर अंगूर से बनी किशमिश एक किफायती और प्राकृतिक



विकल्प है। इसमें किसी भी तरह के रसायन या मशीन का इस्तेमाल नहीं होता, और यह पूरी तरह से नेचुरल होती है।

घर पर किशमिश बनाने के लिए सबसे पहले सही अंगूर चुनना जरूरी होता है। अंगूर जितने मीठे होंगे, किशमिश उतनी ही मीठी और स्वादिष्ट बनेगी। अंगूर का सीजन होने के कारण बाजार में यह आसानी से सस्ते दामों में मिल जाते हैं, इसलिए यह तरीका काफी किफायती भी साबित होता है। अंगूर को अच्छी तरह धोकर अतिरिक्त पानी पोंछ लें और उन्हें धूप में फैलाकर सुखाएं। तेज धूप में अंगूर धीरे-धीरे सिकते हैं और उनका पानी सूख जाता है। इस प्रक्रिया में लगभग सात से दस दिन का समय लगता है। बीच-बीच में अंगूर को पलटते रहें ताकि सभी अंगूर समान रूप से सूख जाएं। जब अंगूर पूरी तरह सूख जाएं और उनका रंग गहरा हो जाए, तब उन्हें किसी बर्तन में इकट्ठा कर लिया जाता है। इसी प्रक्रिया के बाद आपकी घर की बनी प्राकृतिक किशमिश तैयार हो जाती है।

घर पर बनी किशमिश बाजार की तुलना में काफी सस्ती, प्राकृतिक और हेल्दी होती है। यह बच्चों और बड़ों के लिए स्वादिष्ट स्नैक्स के रूप में भी काम आती है और मिठाइयों में डालने से उनका स्वाद कई गुना बढ़ जाता है। घर पर अंगूर से बनी किशमिश बनाने के लिए केवल धूप, सही अंगूर और थोड़ा धैर्य चाहिए। इस सरल और प्राकृतिक तरीके से आप रोजाना ताजी और स्वादिष्ट किशमिश का आनंद ले सकते हैं, बिना महंगे दाम चुकाए।

इस तरह, घर पर अंगूर से बनी किशमिश बनाना न केवल सस्ती और हेल्दी है बल्कि यह स्वाद और पोषण का सही मिश्रण भी प्रदान करती है। इसे बनाने के लिए बस सही अंगूर, धूप और थोड़ी धैर्य की जरूरत होती है। इस प्राकृतिक और आसान तरीके से आप रोजाना ताजी और स्वादिष्ट किशमिश का आनंद ले सकते हैं, बिना महंगे दाम चुकाए। इसके अलावा, घर पर बनी किशमिश की एक बड़ी खासियत यह है कि आप पूरी तरह से केमिकल-फ्री विकल्प का चयन कर रहे हैं। बाजार की किशमिश में अक्सर सुरक्षा और रंग बनाए रखने के लिए केमिकल या प्रिज़र्वेटिव इस्तेमाल किए जाते हैं, जबकि घर पर बनी किशमिश पूरी तरह से प्राकृतिक रहती है। इस वजह से यह छोटे बच्चों, बुजुर्गों और स्वास्थ्य के प्रति सजग लोगों के लिए सबसे सुरक्षित और भरोसेमंद विकल्प बन जाती है।

घर पर बनी किशमिश को आप विभिन्न तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं।

खेल समाचार

पीएसएल 11 से पहले विदेशी खिलाड़ियों की सुरक्षा पर पीसीबी ने तोड़ी चुप्पी

लाहौर, (टॉप ब्यूरो) पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के ग्यारहवें सीजन को लेकर विदेशी खिलाड़ियों की सुरक्षा और यात्रा को लेकर उठ रहे सवालों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने साफ किया है कि सभी इंतजाम पूरे हैं और कोई परेशानी नहीं होगी।

पीसीबी ने स्पष्ट किया कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों सहित सभी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तय समय पर टूर्नामेंट में शामिल होंगे। बोर्ड ने कहा कि मध्य पूर्व में तनाव और अफगानिस्तान सीमा के हालात के बावजूद पीएसएल 11 निर्धारित तारीखों पर, 26 मार्च से लाहौर में शुरू होगा।

सूत्रों के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अगले सप्ताह से पाकिस्तान पहुंचना शुरू करेंगे। पीसीबी ने भरोसा दिलाया कि लीग पहले भी चुनौतियों का सामना कर चुकी है और इस बार भी यह बिना किसी बाधा के आयोजित होगी।

इस सीजन में स्टीव स्मिथ, डेविड वॉर्नर, एडम जाम्पा, पीटर सिडल, आरोन हार्डी, मार्नस लाबुशेन, एश्टन टर्नर, जेक फ्रेज़र-मैकगर्क, जोश फिलिप, रिले मेरेडिथ और बेन मैकडरमॉट जैसे बड़े नाम खेलेंगे।

